## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजमाता को श्रद्धांजलि देने सीएम-स्पीकर जाएंगे 22 को अंबिकापुर

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत 21 फरवरी को वापस राजधानी रायपुर लौट आएंगे। 22 फरवरी को वे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव की माता, राजमाता सरगुजा स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी के चंदनपान तथा ब्रम्हभोज कार्यक्रम में सरगुजा पैलेस में शामिल होंगे व अपनी शोकांजलि अर्पित करेंगे । ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत इन दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ फ्रांसिस्को, हावर्ड, न्यूयार्क के दौरे पर हैं ।

### युवक की पिटाई कर मोबाइल लूटा, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। कंपनी से घर जाते समय रास्ते में युवक की पिटाई कर मोबाइल छीन लेने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार हर्षित विहार कालोनी खमतराई निवासी सुभाष यादव 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी डोलिया कंपनी से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में रूपेश वर्मा एवं उसके साथियों ने रास्ता रोककर मारपीट कर एक नग एमआई कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 394 के तहत लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

### ओटीपी नंबर पूछकर 64 हजार 9 सौ 95 रुपये की धोखाधड़ी हुई

रायपुर (आरएनएस)। ओटीपी नंबर पूछकर एवं ई वालेट के जरिए धोखाधड़ी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में डॉ. रुपेश कुमार ठाकुर 45 वर्ष पिता एलएस ठाकुर निवासी जूनियर एमआईजी 1/34 सेक्टर -29 नया रायपुर से मोबाइल फोन धारक 83378 -79287 द्वारा ओटीपी नंबर पूछकर आठ बार में 64 हजार 9 सौ 95 रुपये ई वालेट के जरिए ट्रांसफर कर धोखाधड़ी की उक्त मामले में राखी थाने ने अज्ञात मोबाइल फोन धारक के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला कायम किया है।

### 52 किलो गांजा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी शहर में प्रायः होती रहती है। आमा नाका थाने से मिली जानकारी के अनुसार कपिल सिंह जाटव आयु 23 वर्ष पिता देवेंद्र सिंह जाटव एवं सुनील कुमार जाटव आयु 27 वर्ष पिता सुनील कुमार जाटव निवासी बीएसयूपी कालोनी मार्ग मोड़ हुड़ई शोरूम के पास टाटीबंध से गुजरते हुए टीम को मिली सूचना के आधार पर छापामार कार्रवाई कर 52 किलो गांजा ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में आमानाका थाने ने आरोपियें के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 ख के तहत मामला कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### सट्टापट्टी लिखते दो गिरफ्तार, नगदी व सट्टापट्टी जब्त

रायपुर (आरएनएस)। सट्टापट्टी लिखते पाये जाने पर पुरानी बस्ती पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 हजार 9 सौ 5 रुपये जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में सट्टापट्टी लिखने की सूचना पर पुलिस ने कुशालपुर चौक के पास रामू गुप्ता 35 वर्ष एवं सचिन कुमार 25 वर्ष के पास से अलग-अलग 21 सौ 40 रुपये व 37 सौ 65 रुपये के साथ सट्टापट्टी जब्त किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट की धारा 4 क के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी चोरी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी रुपये चोरी किये जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कैलाश नगर बिरगांव उरला निवासी रेखराम साहू 48 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 15 फरवरी से 16 फरवरी के मध्य किसी ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात व नगदी 12 सौ रुपये चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

**» तुलसी बाराडेरा के 32 एकड़ में लगेगा राष्ट्रीय कृषि मेला**

रायपुर। राजधानी के तुलसी बाराडेरा थोक फल मण्डी में राष्ट्रीय कृषि मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है। यह मेला 32 एकड़ में फैले विशाल परिसर में आयोजित किया जा रहा है। मेले की तैयारियों का जायजा आज कलेक्टर भारती दासन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आरिफ शेख ने लिया। यह मेला 23 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा देश भर के राज्यों से आने वाले प्रगतिशील किसान शामिल होंगे।



राष्ट्रीय कृषि मेले में कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, ग्रामोद्योग विभाग से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मेले में किसानों को कृषि और उनसे जुड़े विभिन्न गतिविधियों के उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इस आयोजन में देश भर के 15 हजार से अधिक किसानों के भाग लेने के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। आज अधिकारियों ने मेला स्थल पर पेयजल, पार्किंग, प्रदर्शनी स्थल का मुआयना किया। इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने मेले के आयोजन से जुड़े विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने बताया कि मेला स्थल पर अग्निशमन वाहन और आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था हेतु एम्बुलेंश सहित चिकित्सकों की टीम निरंतर उपस्थित रहेगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मेला स्थल पर सुरक्षा, कानून व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था सुचारू ढंग से बनाये जाने हेतु रायपुर जिला पुलिस से पर्याप्त संख्या में बल उपलब्ध कराया जायेगा।

राष्ट्रीय कृषि मेला में शामिल होने वाले किसानों के लिए स्वसहायता समूहों के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री अभिनव अग्रवाल, अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्री महेन्द्र सिंह सवन्नी कृषि विभाग के अपर संचालक श्री पिड़ीहा सहित अन्य संबधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध कलेक्टर से सीपीआई ने की शिकायत

बीजापुर (आरएनएस)। खण्ड शिक्षा विभाग के अधिकारी मो. जाकिर खान के विरूद्व सीपीआई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुए कमलेश झाड़ी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी को रागाशिमि में रहते हुए पूरे जिले के युक्तियुक्तकरण में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में तत्कालीन कलेक्टर रजत कुमार के द्वारा तत्काल पद से हटाया गया था। लेकिन आज पर्यन्त तक भारमुक्त नही किया गया है, यह शासन के आदेश की अवहेलना है।सीपीआई के कमलेश झाड़ी ने बताया कि उक्त अधिकारी मो. जाकिर खान को नया रायपुर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है जिनका विकासखण्ड भोपालपट्टनम में प्रशासनिक स्थानांतरण माध्यमिक पोटाकेबिन संगमपल्ली में किया गया था।वह पत्र के माध्यम से स्पष्ट सूचित किया गया

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुँचे यूनाइटेड नेशन के हेड क्वाार्टर

**» निवेशकों ने छत्तीसगढ़ में निवेश हेतु उचित वातावरण का स्वागत करते हुए निवेश में दिखाई रुचि**

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत और उनके साथ गए प्रतिनिधिमंडल ने यूनाइटेड नेशन के हेड क्वार्टर का भ्रमण किया। एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर यूनाइटेड नेशन न्यूयॉर्क श्री आनंद पांडेय ने इस अवसर पर उनका स्वागत करते हुए यूनाइटेड नेशन हेड क्वार्टर का भ्रमण करते हुए पूरी प्रकिया के संबंध में जानकारी प्रदान की ।

इसके तत्पश्चात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल परमानेंट मिशन ऑफ इंडिया टू द यूनाइटेड नेशन न्यूयॉर्क ( ह्याक्त ) के कार्यक्रम में भाग लिए। इस अवसर पर भारत के राजदूत और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि श्री सैयद अकबरुद्दीन ने उनका स्वागत किया तथा स्टेट में वर्तमान में चल रहे आर्थिक आद्योगिक




गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ और राज्य सरकार के नवाचारों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, डिजिटल टेक्नोलॉजी और नॉन कोर सेक्टर में निवेश हेतु उपस्थित निवेशकों को आमंत्रित किया। उपस्थित निवेशकों ने छत्तीसगढ़ के बारे में जानकर और यहां निवेश हेतु उचित वातावरण होने का स्वागत किया तथा निवेश हेतु अपनी रुचि भी व्यक्त की।

## डेढ़ किलो का प्रेशर आईडी बम बरामद



दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के अरनपुर थानाक्षेत्र अंर्तगत पोटाली पटेलपारा के पास जवानों ने 1.5 किलो का प्रेशर आईडी बम बरामद किया है। दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि अरनपुर थानाक्षेत्र में डीआरजी एवं एसटीएफ के जवानों के द्वारा सर्चिंग के दौरान पोटाली पटेलपारा में डेढ़ किलो का प्रेशर आईडी बम बरामद किया गया। बम को सुरक्षित निकालकर निष्क्रिय कर दिया गया है।

## प्रदेश के सभी कॉलेज विद्यार्थियों को मिलेगी ई-लाईब्रेरी की सुविधा- पटेल

**» उच्च शिक्षा मंत्री दुर्गा महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में हुए शामिल**

रायपुर। उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से प्रदेश के सभी कॉलेज विद्यार्थियों के लिए ई-लाईब्रेरी की सुविधा दी जाएगी, इसके लिए बजट में प्रावधान रखा गया है। मंत्री श्री उमेश पटेल आज दुर्गा महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में शिरकत करते हुए उक्त बातें कहीं। उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ई-लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय पुस्तकों के अध्ययन की सुविधा मिलेगी। लाईब्रेरी में पढ़ाई के अलावा विद्यार्थी घर में भी मोबाईल के माध्यम से इन पुस्तकों का




अध्ययन कर सकते हैं। इसके अलावा पुस्तकों के लाने ले जाने और जमा करने की समस्या नहीं रहेगी। ई-लाईब्रेरी में विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए सुझाव प्राप्त होने पर इससे और बेहतर बनाया जाएगा। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर कॉलेज के विभिन्न संकायों व कक्षाओं के प्रतिभावान छात्रों को गौरव पदक, एन.सी.सी. के कैडेरो का राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन और एन.एस.एस. की छात्राओं की सेवा योजना के तहत अच्छे कार्य के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा दिया गया।

## ईडी के निर्देश पर अफसरों की गठित टीम ने की विद्युत मीटरों की सघन जांच

दुर्ग (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा विषेश अभियान के तहत गुरूर उपसंभाग के वितरण केन्द्र गुरूर के अंतर्गत आने वाले ग्राम दानीटोला में 145 विद्युत कनेक्षनों और गुरूर, पुरूर, पलारी एवं करहीभदर वितरण केंद्र के षून्य खपत वाले 89 कनेक्षनों की सघन जांच की गई, जिसमें 169 विद्युत कनेक्षनों के मीटरों की रीडिंग सही पाई गई। 18 विद्युत कनेक्षन उपयोग में नहीं लाए जा रहे थे एवं 19 विद्युत कनेक्षन परिसर में ताला लगा पाया गया। जाँच में 6 विद्युत कनेक्षनों की लाईन कटी हुई पाई गई एवं 13 विद्युत कनेक्षनों के मीटर खराब पाये गये। इस सघन जाँच अभियान के दौरान 13 विद्युत कनेक्षनों के बिल में रीडिंग मीटर के रीडिंग से अधिक पाया गया। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेषक संजय पटेल के निर्देष के बाद गुरूर उपसंभाग के फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों ने इन ग्रमों में सभी कनेक्षनों के अनुबांधित भार के अनरूप विद्युत लोड, खपत की जानकारी, पूर्व में जारी किये गये बिजली बिलों का विवरण सहित वर्तमान मीटर वाचन, सर्विस कनेक्षनों की विस्तृत जांच की। चेक रीडिंग के विशय में गुरूर उपसंभाग के सहायक अभियंता श्री पी.व्ही राजेष ने बताया कि गुरूर उपसंभाग के वितरण केन्द्र सें संबंधित इन ग्रामों में मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा कुल 234 विद्युत कनेक्षनों केमीटरों की सघन जांच की गई। खराब मीटर बदलने की कार्यवाही की जा रही है।

## नगरीय प्रशासन मंत्री ने मानस भवन के लिए दिए पांच लाख रूपए

**» डॉ. शिवकुमार डहरिया शामिल हुए मानस गान समारोह में**

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया कल सोमवार को देर शाम आरंग विकासखण्ड के ग्राम मंदिरहसौद में आयोजित तीन दिवसीय सस्वर मानस गान समारोह में शामिल हुए। डॉ. डहरिया ने इस मौके पर मानस भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपए और मानस मण्डली बाल समाज के लिए 40 हजार रूपए की घोषणा की। डॉ. डहरिया ने कहा कि समाज के निर्माण में ऐसे आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। राज्य सरकार भी सामाजिक



समरसता के साथ प्रदेश का विकास कर रही है। उन्होंने मानस गान श्रोताओं को अच्छी बात ग्रहण कर अपने जीवन और समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करने की अपील की। इस अवसर पर जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष श्री खिलेश्वर देवांगन, मंदिरहसौद की सरपंच श्रीमती रमा यादव, श्री रेखराम पात्रे, पूर्व सरपंच श्रीमती धनपत गायकवाड, श्री नरसिंग अग्रवाल, श्री कमल यादव, श्री भूषण साहू, श्री अवधेश मिश्रा सहित मानस मण्डली में शामिल प्रतियोगी दल मण्डली के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

### जुआरियों से 1 लाख 51 हजार 320 रुपये की राशि जब्त

रायपुर (आरएनएस)। शहर में जुआ सट्टा पट्टी गली मोहल्लों में ताश की 52 पत्ती के जरिए बड़े पैमाने पर खेली जाती है। खमतराई थाने से छगन मिर्जा का मकान सतनामी पारा खमतराई में राजा साहू 19 वर्ष पिता हेमलाल साहू छगन मिर्जा आयु 30 वर्ष पिता रविराम मिर्जा निवासी खमतराई से उनके दोस्तों के साथ उक्त मकान में खुलेआम जुआ खेलते पुलिस ने छापा मार कार्रवाई कर 1 लाख 51 हजार 320 रुपये की राशि जब्त कर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम किया है।

## मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल न्यूयॉर्क में शिवाजी जयंती कार्यकम में हुए शामिल

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल न्यूयॉर्क में शिवाजी जयंती कार्यक्रम में हुए शामिलमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अपने अमेरिका प्रवास के दौरान न्यूयार्क स्थित कॉन्सूलेट जनरल ऑफ इंडिया के कार्यालय में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में श्री बघेल ने छत्रपति शिवाजी को नमन करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज को स्मरण करने में एक आत्मविश्वास से भरा व्यक्तित्व और शौर्य के प्रतीक की तस्वीर उभरती है। शिवाजी ने कम संख्या की सेना के बावजूद आत्मविश्वास के बल पर कई लड़ाई जीती है। उसी प्रकार हमें भी आज की परिस्थिति में अपनी चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास से करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवाजी के नारी सम्मान के कार्यों, गुरू और माता के आदेशों का पालन, देश




के लिए त्याग और समर्पण भाव से हमें सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी प्रसन्नता की बात है कि भारत देश से बाहर हजारों मिल दूर यहां न्यूयॉर्क में हम लोग शिवाजी महाराज की जयंती मना रहे हैं। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र पड़ोसी राज्य है। एक समय विदर्भ और छत्तीसगढ़ बरार प्रांत का हिस्सा रहे हैं। अभी भी छत्तीसगढ़ के कई जिलों में हमारे मराठी भाई निवास करते है और छत्तीसगढ़ में भी शिवाजी जयंती बड़े धूमधाम से मनाते है । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री आर. पी. मण्डल, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री गौरव द्विवेदी, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा सहित कॉन्सूलेट जनरल ऑफ इंडिया के अधिकारी गण मौजूद थे।

## खाद्य सचिव ने धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा की

रायपुर। खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज यहां मंत्रालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में धान खरीदी और उपार्जन केन्द्रों में बारदाना की उपलब्धता की समीक्षा की। सचिव ने अधिकारियों को प्रदेश के कुछ धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना की कमी की शिकायत और किसानों को हो रही असुविधा का निराकरण करने के निर्देश दिए है।



खाद्य सचिव ने धान खरीदी केन्द्रों में जरूरत के मुताबिक बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि कवर्धा जिले में 97 हजार बारदाना की पूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार बिलासपुर जिले में 25 हजार बारदाना भेज दिए गए है। कोण्डागांव जिले में जरूरत के मुताबिक आस-पास के जिलों से बारदाना की पूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि बेमेतरा जिले में 81 हजार नया बारदाना उपलब्ध कराए गए है। बिलासपुर में एक लाख 20 हजार बारदाना उपलब्ध है। जरूरत के मुताबिक समितियों में बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है। खाद्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के बहुत से जिलों में धान खरीदी पूरी हो चुकी है और उन स्थानों में शेष बचे बारदानों को उपयुक्तता और आवश्यकता के अनुरूप अन्य धान खरीदी केन्द्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। खाद्य सचिव ने अधिकारियों को सुकमा जिले एवं अन्य स्थानों में जरूरत पड़ने पर बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा है कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बैठक में खाद्य विभाग के विशेष सचिव श्री मनोज सोनी, श्री एलेक्स पाल मेनन, प्रबंध संचालक, नान श्री निरंजनदास, मार्कफेड के एमडी सुश्री शम्मी आबिदी, रजिस्ट्रार सहकारी समितियां श्री हिमशिखर गुप्ता और अपैक्स बैंक के ओएसडी श्री अविनाश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU